संपादक :- रंजीत सिंह
RNI No-UPHIN/2001/03844



साप्ताहिक
# राष्ट्रीय मानवाधिकार
संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com

वर्ष : 26 अंक : 08 | मेरठ, मंगलवार, 16 जून 2026 | पृष्ठः 04 | मूल्य : एक रूपया

# अब 'कुबेर' भी आना चाहते हैं जेवर: योगी

## वक्त सबका आता है, कुछ बन जाते हैं तो कुछ बिखर जाते हैं

» एजेंसी। लखनऊ



लखनऊ। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के निर्माण के लिए भूमि समर्पित करने वाले किसान सोमवार को लखनऊ पहुंचे। जेवर से लखनऊ के लिए संचालित पहली फ्लाइट से राजधानी पहुंचे इन किसानों का मुख्यमंत्री आवास पर भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। यहां किसानों ने अपने उद्गार व्यक्त किए, मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न प्रदान किया और उनके प्रति आभार भी प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि जेवर अब वह क्षेत्र बन गया है, जहां 'कुबेर' भी आना चाहते हैं। उन्होंने कमर्शियल फ्लाइट प्रारंभ करने के लिए इंडिगो के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

सीएम ने कहा कि जब हमारी कैबिनेट ने जेवर में एयरपोर्ट निर्माण के लिए प्रस्ताव पारित किया तो मैंने नोएडा के जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से कहा कि 100 दिन के भीतर जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई प्रारंभ हो जाए, लेकिन इस अवधि तक कार्रवाई प्रारंभ नहीं हुई। मैंने वहां पहुंचकर समीक्षा बैठक ली तो पता चला कि कोई प्रगति नहीं हुई है। तब मैंने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में लगभग 100 किसानों के साथ बैठक की। मैंने कहा कि एयरपोर्ट बनाना है तो किसानों ने जमीन देने से इनकार कर दिया। असमंजस की स्थिति थी। मैंने कहा कि हम यहां विकास करना चाहते हैं, फिर भी लोगों ने मना कर दिया। मैंने अनुरोध किया कि एक घंटे का समय है, सोचिए। यह एयरपोर्ट आपकी तकदीर बदल देगा।

सीएम ने कहा कि मैंने बुजुर्गों से अनुरोध किया कि विकास का मॉडल क्या होता है, यह दिखाने का समय है। वक्त सबका आता है, कुछ बन जाते हैं और कुछ बिखर जाते हैं। जो अवसर का लाभ लेता है, इतिहास उसी का बनता है। जो मौके को गंवा देता है, वह अवसर से बिखर जाता है। आपने मुझ पर विश्वास किया, धीरेंद्र सिंह ने सहयोग किया। यीडा व उप्र के नागरिक उड्डयन विभाग ने कार्रवाई को युद्धस्तर पर बढ़ाया तो परिणाम यह रहा कि 13 हजार एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहण पर कार्य शुरू हुआ। चार फेज में एयरपोर्ट बनेगा, पहले फेज की कार्रवाई संपन्न हुई।

सीएम ने कहा कि भारत में सर्वाधिक संभावनाओं वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने आज से कमर्शियल फ्लाइट प्रारंभ की है। ऐसे में आज का दिन जेवर, गौतमबुद्ध नगर, पश्चिमी उप्र, प्रदेश व देश के एविएशन सेक्टर के लिए ऐतिहासिक है, इसके पीछे प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की और योगदान किसानों का है। विधायक धीरेंद्र सिंह ने इस कड़ी को जोड़ा है।

सीएम ने कहा कि जेवर अब पुराना जेवर नहीं रहा, इसने इतिहास रच दिया है। जेवर क्षेत्र 9 साल पहले उत्तर प्रदेश की आपराधिक गतिविधियों का केंद्र बन गया था। शाम होते आवागमन बंद हो जाता था। बेटी असुरक्षित थी, नौजवान के सामने भविष्य का संकट और किसानों के लिए कोई सुविधा नहीं थी। किसानों का उत्पीड़न भी किसी से छिपा नहीं था। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य सुविधा, स्कूल, रोजगार, गरीबों के लिए कोई पहल नहीं होती थी। सीएम ने कहा कि आज बड़ी से बड़ी कंपनियां जेवर आना चाहती हैं। वहां अब 'कुबेर' भी आना चाहते हैं। जेवर एयरपोर्ट भारत का पहला कार्गो व एमआरओ केंद्र बनने जा रहा है।

## बीएलए-2 प्रशिक्षण शिविरों से कांग्रेस ने बूथ स्तर की मजबूती दिखाई : देवेंद्र



» एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी की कथित वोट चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत आयोजित बीएलए-2 प्रशिक्षण शिविरों की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस राजधानी के सभी बूथों पर मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के 13,026 बूथों पर बीएलए-2 की नियुक्ति पूरी कर ली गई है और पार्टी ने जमीनी स्तर पर अपना संगठन सशक्त किया है। अंबेडकर भवन में करोल बाग जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित वोट बचाओ, लोकतंत्र बचाओ प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए देवेंद्र यादव ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत केंद्रीय नेतृत्व की पहल पर जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद ब्लॉक स्तर पर कार्यकर्ताओं ने व्यापक मेहनत करते हुए सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक बूथ पर बीएलए-2 नियुक्त करने का कार्य पूरा किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस ने राहुल गांधी के बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के आह्वान को गंभीरता से लिया और उसी के अनुरूप कार्य किया। देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की साजिश करती रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने देश के सामने कथित वोट चोरी के मुद्दे को विस्तार से उठाया और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सतर्क रहने का संदेश दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली के सभी 14 जिलों में बीएलए-2 प्रशिक्षण शिविरों का सफल आयोजन यह दर्शाता है कि पार्टी का संगठन प्रत्येक बूथ पर सक्रिय और सजग है।

## जंतर-मंतर पर केवाईएस का प्रदर्शन, भारतीय नाविकों की मौत पर मुआवजे की मांग

» एजेंसी। नई दिल्ली

क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन आयोजित कर ओमान की खाड़ी में व्यावसायिक जहाजों पर हुए कथित अमेरिकी सैन्य हमलों में भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा उठाया। संगठन ने मृतक नाविकों के स्वजन के लिए मुआवजे की मांग करते हुए भारत सरकार से इस मामले में स्पष्ट और कड़ा रुख अपनाने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान केवाईएस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि खाड़ी क्षेत्र में व्यावसायिक जहाजों के विरुद्ध की गई सैन्य कार्रवाई के कारण तीन भारतीय नाविकों की जान गई। संगठन ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि विदेशों में कार्यरत भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान राष्ट्रीय प्राथमिकता का विषय होना चाहिए। केवाईएस ने कहा कि मर्चेंट नेवी के नाविक किसी सैन्य अभियान का हिस्सा नहीं होते, बल्कि वे कठिन परिस्थितियों में अपनी आजीविका कमाने वाले कामगार होते हैं। ऐसे में किसी भी सैन्य कार्रवाई में आम नागरिकों की मृत्यु होने पर जवाबदेही तय की जानी चाहिए और उसे अनपेक्षित क्षति बताकर नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

## गीता मानव जीवन को सही दिशा देने वाली दिव्य ज्ञानधारा है - अपरिमेय

» एजेंसी। लखनऊ

सनातन महापरिषद भारत की ओर से शहीद पथ, ओमैक्स आर-टू परिसर स्थित मंदिर में सोमवार को श्रीमद्भगवद्गीता पाठ और भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद श्रीमद्भगवद्गीता के दिव्य श्लोकों का पाठ और उनके आध्यात्मिक महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। इस्कॉन मंदिर अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभु ने श्रीमद्भगवद्गीता के महत्वपूर्ण संदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गीता मानव जीवन को सही दिशा देने वाली दिव्य ज्ञानधारा है, जो व्यक्ति को कर्तव्य, धर्म और आत्मबोध का मार्ग दिखाती है। महापरिषद के उत्तरखंड प्रदेश अध्यक्ष योगी महेन्द्रनाथ ने भगवान श्रीकृष्ण के संदेश को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष उपलब्धियों के स्वर्णिम अध्याय

» एजेंसी। नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के सेवाकाल को देश के विकास, जनकल्याण और निर्णायक नेतृत्व का काल बताते हुए कहा कि इस अवधि में भारत ने अनेक ऐसे कीर्तिमान स्थापित किए हैं, जिन पर प्रत्येक भारतीय को गर्व है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में बीते 12 वर्षों की उपलब्धियां मील का पत्थर साबित हो रही हैं।

एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने आधारभूत संरचना, सामाजिक सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब पुल से लेकर दिल्ली में विश्व के सबसे बड़े इको पार्क तक विकास की नई गाथाएं लिखी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिनसे देश और देशवासियों के जीवन में व्यापक बदलाव आया है।

अनुच्छेद 370 का निरसन, तीन तलाक की समाप्ति, नागरिकता संशोधन अधिनियम, डिजिटल इंडिया अभियान, 80 करोड़ जरूरतमंदों को निःशुल्क राशन, महिला आरक्षण तथा किसानों के खातों में 4.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि जैसे निर्णयों ने देश की दिशा और दशा बदलने का कार्य किया है। उन्होंने दावा किया कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। कोविड महामारी के दौरान भारत की भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में देश ने जिस दृढ़ इच्छाशक्ति और क्षमता का परिचय दिया, वह पूरी दुनिया के लिए उदाहरण बना।

## बुढ़ापे में आपका पैसा ही आपकी सबसे बड़ी ताकत, वित्तीय शोषण से बचें बुजुर्ग

» एजेंसी। लखनऊ

विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर गाइड समाज कल्याण संस्थान और लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन (एलएमए) द्वारा सोमवार को एक विशेष वेबिनार का आयोजन किया गया। 'जागरूकता से आगे बढ़कर वृद्ध दुर्व्यवहार की रोकथाम को प्रभावी बनाना' विषय पर आयोजित इस मंथन में मुख्य वक्तव्य देते हुए विद्युत पेंशनर परिषद के अध्यक्ष एवं मुख्य अभियंता भारत भूषण गोयल ने बुजुर्गों के वित्तीय शोषण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने अपने साथी का एक मार्मिक संस्मरण साझा करते हुए बताया कि लाइफ सर्टिफिकेट न जमा होने से जब एक वरिष्ठ अधिकारी की पेंशन रुकी, तो उनके खाते में मात्र 500 रुपये बचे थे, क्योंकि उन्होंने अपना एटीएम बच्चों को दे रखा था।

## सम्पादकीय

# ईमानदारी की लेबलिंग

भारत में सामान्यतः उत्पादों पर गुणवत्ता व उपयोग-तिथि के दावों के बावजूद उसमें सामान के सेहत से जुड़े सरोकार सवालों के घेरे में रहे हैं। यह आम धारणा बनी हुई है कि कुछ लोग मुनाफे के लिए सामान की एक्सपाइरी डेट दर्ज करने में हेरफेर करने तक से नहीं चूकते। यह भी विश्वास से नहीं कहा जा सकता है कि सामान में शामिल घटकों का विवरण ईमानदारी से लेबल पर दर्ज किया गया हो। गाहे-बगाहे मीडिया व उपभोक्ता अदालतों में ऐसे मामलों की गूंज रहती है। स्वास्थ्य की दृष्टि से संवेदनशील लोगों के जीवन पर सही लेबलिंग से आंच नहीं आ सकती। इसी के मद्देनजर भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण यानी एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा कई खाद्य कंपनियों को गुमराह करने वाले ट्रेड नाम के इस्तेमाल और सेहत से जुड़े दावों के लिए नोटिस जारी करना, निश्चय ही एक स्वागतयोग्य कदम है। अक्सर प्रतिष्ठित उत्पाद वाली कंपनियों के लेबल लगाकर हल्के सामान बेचने के मामले भी उजागर होते हैं। हकीकत है कि आकर्षक पैकेजिंग के जरिये उत्पाद की न्यूट्रिशन से जुड़ी जानकारी को पार्श्व में डाल दिया जाता है। विडंबना यह है कि देश में ऐसा नियामक तंत्र विकसित नहीं हो पाया है जो लगातार जनहित में खाद्य उत्पादों की जांच-पड़ताल कर सके। निश्चित रूप से रेगुलेटरी संस्था की निगरानी सिर्फ कभी-कभार नोटिस जारी करने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इस तरह की कार्रवाई कुछ समय के लिए तो सुर्खियां बनती हैं लेकिन फिर लोगों को इसकी याद कम ही रह जाती है। इस तरह की पहल को ग्राहकों की सुरक्षा में पारदर्शिता, जवाबदेही और जागरूकता पर आधारित लगातार चलने वाले एक राष्ट्रीय मिशन का रूप दिया जा सकता है। निश्चित रूप से लाखों भारतीयों के लिए खाने की चीजों पर लेबलिंग सेहत से जुड़ा मामला है। मसलन कशेरुक रोग से पीड़ित लोग ग्लूटेन से बचने के लिए लेबलिंग पर लिखी जानकारी पर निर्भर रहते हैं, क्योंकि यह उनकी आंतों को नुकसान पहुंचा सकता है। निस्संदेह, कई एलर्जी व रोगों से जूझने वाले लोगों को कुछ उत्पादों में मौजूद पदार्थों की वजह से लंबे समय तक रहने वाली परेशानियां हो सकती हैं। लेकिन विडंबना यह है कि उत्पादों के लेबल पर आधी-अधूरी, अस्पष्ट जानकारी ही दी जाती है। अक्सर उत्पादों पर हेल्दी, नेचुरल और आयुर्वेद पद्धति पर आधारित जैसे लुभावने शब्दों का इस्तेमाल करके ग्राहकों को भ्रमित किया जाता है, जिससे उपभोक्ता असमंजस की स्थिति में पड़ आते हैं। मधुमेह, एलर्जी और खानपान से जुड़े दूसरे परहेजों में अस्पष्ट व गलत जानकारी हानिकारक हो सकती है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के दिए निर्देश

» संवाददाता




बागपत। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जनहित में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों का दायित्व है कि वे प्रत्येक मरीज के प्रति संवेदनशील, गंभीर एवं सतर्क रहें तथा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने आशा कार्यकर्ताओं के कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके भुगतान समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी आशा कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को निजी अस्पतालों में भर्ती कराने के लिए प्रेरित न करे। सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचे और यदि किसी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं के बैंक खाते समय से खोले जाएं तथा अस्पतालों में आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्रदर्शित की जाए। साथ ही प्रत्येक नवजात शिशु का जन्म प्रमाण पत्र प्रसव के तुरंत बाद उपलब्ध कराया जाए ताकि एक माह के भीतर नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पल्स पोलियो अभियान 28 जून 2026 से प्रारंभ होगा तथा 29 जून से 3 जुलाई तक घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, टेंपो स्टैंड, मेलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष टीमें तैनात कर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। निर्माण स्थलों सहित अति संवेदनशील क्षेत्रों में शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए विशेष रणनीति बनाई जाए। बैठक में 14 वर्ष तक की बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण को प्राथमिकता देते हुए अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित नर्सिंग होम एवं अस्पतालों के पंजीकरण, भवन मानचित्र, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संस्थानों में अग्निशमन उपकरण कार्यशील अवस्था में हों तथा उन्हें संचालित करने के लिए प्रशिक्षित कार्मिक उपलब्ध रहें। उन्होंने बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए जिला अस्पताल में एमआरआई सेंटर स्थापित कराने के लिए आवश्यक पत्राचार शीघ्र पूर्ण करने को कहा। बैठक में कुष्ठ रोग से प्रभावित 35 मरीजों की सूची उपलब्ध कराने तथा उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे पेंशन, आवास एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए।

# दान-परोपकार से मिलता है महान पुण्यः आचार्य विजयपाल



» संवाददाता

बिनौली। बरनावा के महर्षि वेद व्यास वानप्रस्थ आश्रम में सोमवार को अमावस्या के अवसर पर स्वस्ति यज्ञ हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य विजयपाल शास्त्री इकड़ी ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ में इंद्रपाल पोषवाल यजमान रहे। इस अवसर पर यज्ञ के ब्रह्म ने कहा सोमवती अमावस्या 30 वर्षों के बाद आयी है। इस दिन दान करना और परोपकार के कार्य करने से बड़ा पुण्य प्राप्त होता है। आत्मिक और बौद्धिक बल मिलता हैं। राष्ट्र में यज्ञ की सुगंधि से शांति स्थापित होती हैं और सुख समृद्धि बढ़ती है। उन्होंने कहा वैदिक परंपरा में यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के कल्याण का माध्यम हैं। यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता हैं। ग्रीस मुनि महाराज ने धर्म, संस्कार और मानव सेवा का संदेश दिया और कहा प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में दान, परोपकार और सद्कर्मों को अपनाना चाहिए, जिससे समाज में भाईचारा, सद्भाव और नैतिक मूल्यों का विकास हो सके।

# मानव, जीव-जंतु, पेड़-पौधों की सेवा ही सर्वोपरि

» संवाददाता

खेकड़ा। महरमपुर गांव में चल रहे सात दिवसीय संस्कृति संस्कार पुनरुत्थान महायज्ञ के सातवें दिन पांच कुण्डीय यज्ञ के साथ संपूर्ण हो गया। यज्ञ के संपूर्ण होने पर भंडारे का आयोजन किया गया ओर संस्कृति और संस्कारों के पुनरुत्थान का आहवान किया गया। महरमपुर गांव के बलिदानी सरभंगी कुटि में सनातन संस्कृति पुनरुत्थान के लिए सात दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया था। सोमवार को यज्ञ संपूर्ण हो गया। यज्ञ के अंतिम दिन पांच कुण्डीय यज्ञ किया गया। जिसमें पंडित गौरी शंकर शास्त्री द्वारा विधि विधान से मंत्रोचार कर यज्ञ संपन्न कराया। साधु संतों और श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर सनातन संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ ली। कुटी महंत हरिओम महाराज ने कहा कि विश्व में सनातन ही धर्म है। जिनमें सबके कल्याण की भावना निहित है। विश्व में शांति बनाए रखने की कामना की जाती है। मानव, जीव जंतु, पेड़ पौधों की सेवा को ही सर्वोपरि माना गया है। माता पिता को भगवान का दर्जा दिया गया है। अतिथि को भी भगवान माना जाता है। इसलिए सनातन में जिस ओर देखोगे अच्छाई ही अच्छाई नजर आयेगी। लेकिन आधुनिक समय में सनातन संस्कृति का विलोप हो रहा है। जिसका प्रमुख कारण है सनातन के मानने वालो का उससे विमुख होना। लेकिन यदि पूरे विश्व में शांति एवं सोहार्द का वातावरण बनाना है तो सनातन संस्कृति को मजबूत करना होगा। व्यक्ति में सनातन संस्कारों का समावेश करना होगा। तभी सनातन पुन मजबूत होगा।

## ग्रेट निकोबार बचाओ हस्ताक्षर अभियान का डिबाई में शुभारंभ

» संवाददाता

बुलंदशहर। चौहानपुर स्थित इंजीनियर रवि लोधी के प्रतिष्ठान पर कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे ग्रेट निकोबार बचाओ डिजिटल हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष एवं कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने कार्यकर्ताओं से विधानसभा, ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर तक अभियान को पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा ग्रेट निकोबार द्वीप के संरक्षण को लेकर जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है, जिसे जनपद बुलंदशहर में तेज किया जाएगा।

## खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन

» संवाददाता

बिजनौर। क्षेत्र के गांव ढेला अहीर में कृषि संकल्प अभियान के खेत बचाओ अभियान के कृषक चौपाल के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।सोमवार को आयोजित में कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रतिमा गुप्ता ने किसानों को खेत की उर्वरा शक्ति ,फसल चक्र के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने मोगनी, आम, सेब की खेती की जानकारी दते हुए उद्यान विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

## सरकार के 12 साल पूरे होने पर विकसित भारत का लिया संकल्प

» संवाददाता

बिजनौर। मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर विकसित भारत संकल्प लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए। गांव कासमपुरगढी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने मोदी सरकार द्वारा 12 वर्ष में किए गए कार्यों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार ने सरकार द्वारा गरीबों के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बताई गौ-माता की महिमा

» संवाददाता

बुलंदशहर। सनातन धर्म के प्रचार और गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के संकल्प के साथ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती रविवार को खुर्जा पहुंचे। जहां उन्होंने रात्रि प्रवास किया। जिसके बाद पंचवटी कंम्यूनिटी भवन में आयोजित धर्मसभा को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने गौ-माता की महिमा और सनातन धर्म के चार वर्गों से एकजुट रहने का आह्वान किया। पंचवटी कंम्यूनिटी भवन में आयोजित धर्मसभा में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि गौ-हत्या सबसे बड़ा मुद्दा है, लेकिन लोग छोटे-छोटे विवादों में उलझे हुए हैं। सनातन के चारों वर्गों को एकजुट होना होगा। ब्राह्मण समाज को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि जन्म से कोई पूर्ण ब्राह्मण नहीं होता, बल्कि साफ्टवेयर ब्राह्मण बनने के लिए विद्या और तपस्या अनिवार्य है।

आज समाज नेताओं से धर्म सीख रहा है, जबकि ज्ञान केवल सच्चे गुरुओं से ही मिल सकता है। वहीं उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर गुरुओं के प्रति अभद्र टिप्पणियों पर दुख जताते हुए कहा कि केवल हिंदू समाज ही अपने शंकराचार्य को गाली देता है, जबकि अन्य धर्मों में ऐसा नहीं होता। वहीं गौ-माता की महिमा बताते हुए उन्होंने ए-2 दूध की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि मां-बेटे का वात्सल्य प्रेम भी वत्स (बछड़े) शब्द से आया है। मां हमें बच्चा समझकर ही निस्वार्थ प्यार करती है। संबोधन के बाद उन्होंने नवदुर्गा शक्ति मंदिर में दर्शन किया और शिकारपुर के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर निखलेरश्वानंद महाराज, आशीष शर्मा उर्फ गोल्डी, मोनू अरोरा, दीपक गुप्ता आदि रहे।

# देवता स्थल मार्ग को लेकर महिलाओं ने खोला मोर्चा

» संवाददाता

बिजनौर। सबलपुर बीतरा में शिव मंदिर और देवता स्थल पर रास्ता न होने के कारण गांव की महिलाओं ने स्वयं श्रमदान कर रास्ता बना दिया। खेत स्वामियों द्वारा रास्ते का विरोध करने पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। पुलिस ने मामला राजस्व विभाग का बताकर फिलहाल दोनों पक्षो को यथास्थिति कायम रखने की बात कहते हुए शांत कर दिया।

गांव सबलपुर बीतरा में ग्रामीणों ने चंदा एकत्र कर प्राचीन देवता स्थल के समीप डेढ़ वर्ष पूर्व शिव मंदिर का निर्माण कराया था। लेकिन देव स्थल और मंदिर पर जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। सोमवार को महिलाएं एकत्र होकर मंदिर पर पहुंची और उन्होंने श्रमदान कर खेतों में मंदिर पर आवागमन के लिए रास्ता बना दिया। खेत स्वामी सुनील कुमार, जाकिर, शाकिर आदि ने अपने खेतों में रास्ता बनाने का विरोध करते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। महिलाओं रविता देवी, शीला देवी, प्रेमवती, सोमवती, उपासना, मुकेश देवी, सुधा, पुष्पा, आदि ने पुलिस को बताया कि मंदिर और देव स्थल पर जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। ग्रामीणों को पूजा पाठ करने के लिए किसानों की खेत की मेढ़ से होकर मंदिर पर जाना पड़ता है। जिसे भी किसनो ने खतों की तारबाड़ कर बंद कर दिया है ।महिलाओं ने पुलिस से मंदिर पर आवागमन के लिए रास्ता दिलवाने की मांग की।

पुलिस ने मामला राजस्व विभाग का बताकर फिलहाल दोनों पक्षों को समझाकर यथास्थिति बनाए रखते हुए शांत कर दिया। मामले में थाना प्रभारी राम प्रताप सिंह का कहना है कि एक खेत की मेड़ से होकर देवता स्थल पहुंचने का रास्ता था, खेत की तारबाड़ कर एक किसान ने जिसे बंद कर दिया था। तारबाड़ हटवाकर रास्ता खुलवाया गया है, जिसके साथ ही लेखपाल को बुलाकर उपरोक्त सबंध में नापतोल कर विवाद निस्तारण हेतु रास्ता सुझाने की ओर पुलिस अग्रसर हैआखिर कहां गया देवता स्थल मार्ग और भूमि नांगल सोती। थाने पहुंची महिलाओं ने आरोप लगाया है कि देवता स्थल के पास लगभग तीन बीघा जमीन है। जिसमें से लगभग दो बीघा जमीन पर कुछ लोगों ने मिलकर कब्जा कर रखा है।

# सीसीएसयू में सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

» संवाददाता

मेरठ। स्वस्थ एवं निरोग जीवन के उद्देश्य से आयोजित सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ योग गुरु स्वामी कर्मवीर महाराज के सान्निध्य में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में योग साधकों, शिक्षाविदों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।

शिविर के उद्घाटन सत्र में स्वामी कर्मवीर महाराज ने योगासन, प्राणायाम एवं स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रोग अनेक हैं, लेकिन उनका समाधान योग में निहित है। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली को कई शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं के लिए जिम्मेदार बताया और कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर और मन दोनों को संतुलित रखा जा सकता है।

योग गुरु ने प्राणायाम के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इसके नियमित अभ्यास से मन की चंचलता कम होती है और व्यक्ति तनाव, चिंता एवं क्रोध जैसी नकारात्मक भावनाओं से मुक्त होता है।



उन्होंने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन पद्धति है जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का मार्ग प्रशस्त करती है।

उन्होंने सूर्यभेदी, चन्द्रभेदी, कपोत-उज्जायी प्राणायाम सहित विभिन्न आसनों जैसे सिद्धासन, पद्मासन और सुखासन के लाभों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कहा कि ये अभ्यास थायरॉयड, गले के रोग, टॉन्सिल तथा श्वसन तंत्र से जुड़ी समस्याओं में लाभकारी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि योग से नजला, जुकाम, खांसी और साइनस जैसी बीमारियों में भी सुधार संभव है।

आयुर्वेद और योग के समन्वय पर जोर देते हुए उन्होंने त्रिकुटा (काली मिर्च, सौंठ और पीपली) को शहद के साथ सेवन करने के लाभ बताए और कहा कि इससे श्वसन तंत्र मजबूत होता है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल योग को भारत की प्राचीन धरोहर बताते हुए कहा कि आज पूरा विश्व योग को अपना रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल रोग उपचार का साधन नहीं, बल्कि स्वस्थ और अनुशासित जीवन का आधार है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो . संगीता शुक्ला ने की। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की वैज्ञानिक देन है और यह व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विश्वविद्यालय की ओर से ऐसे आयोजनों को लगातार प्रोत्साहन देने की बात कही।

शिविर के समापन सत्र में प्रतिभागियों को हास्यासन, शांति पाठ एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में अनेक प्राध्यापक, चिकित्सक, इंजीनियर एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिससे आयोजन को व्यापक सहभागिता मिली और वातावरण पूर्णतः योगमय बना रहा।

## कांवड़ यात्रा के दौरान निर्बाध एवं सुरक्षित बिजली आपूर्ति हो : एमडी

» संवाददाता

मेरठ। एमडी पीवीवीएनएल रवीश गुप्ता ने पश्चिमांचल के सभी 14 जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए कांवड़ मार्गों, शिविरों एवं मंदिरों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाए। इसके लिए निरीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई की जाए। निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्गों पर विद्युत व्यवस्था को पूर्ण रूप से सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। अधिकारी एवं कर्मचारी लगातार क्षेत्रों में भ्रमण कर विद्युत व्यवस्थाओं का निरीक्षण सुनिश्चित करें। कांवड़ यात्रा के दौरान निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति हेतु सभी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय अपनाए जाएं। एमडी रवीश गुप्ता ने निर्देश दिए गए हैं कि जिन मार्गों से कांवड़ यात्राएं गुजरेंगी या आयोजन संपन्न होंगे ऐसे मार्गों, स्थलों पर पड़ने वाले खंभों का परीक्षण सुनिश्चित कर लिया जाए। कांवड़ यात्रा की संपूर्ण अवधि के दौरान लगातार, निगरानी रखी जाए तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए संबंधित विद्युत गैंग को सतर्क रखा जाए।

# गुरु तेग बहादुर एकेडमी में खिलाड़ियों को वितरित की ड्रेस



» संवाददाता

मेरठ। गुरु तेग बहादुर स्कूल क्रिकेट एकेडमी में मंगलवार से 15वें विवेक पांडेय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत हो रही है। टूर्नामेंट को लेकर सोमवार को एकेडमी में टीमों को ड्रेस वितरित की गईं।

क्रिकेट कोच व आयोजन सचिव अतहर अली ने बताया टूर्नामेंट का पहला मैच मंगलवार को सब जूनियर वर्ग में ऋषभ क्रिकेट एकेडमी जूनियर व गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी की टीम के बीच खेला जाएगा। इसमें 7 से 10 साल के क्रिकेटर प्रतिभाग कर सकेंगे। वहीं जूनियर वर्ग में 11 से 14 साल के क्रिकेटर प्रतिभाग कर सकेंगे। इसमें ऋषभ क्रिकेट एकेडमी ड्रेगन, मेरठ इलेवन, स्पोर्ट्स स्टार, गुरु तेग बहादुर स्कूल क्रिकेट चैलेंजर, ऋषभ क्रिकेट एकेडमी चैलेंजर, आईटीआई क्रिकेट एकेडमी, केडीएम क्रिकेट एकेडमी की टीम भाग लेंगी। सीनियर वर्ग ग्रुप ए में मेरठ डोमेंटर, आईटीआई क्रिकेट एकेडमी, मेरठ चैंपियन, केडीएम क्रिकेट एकेडमी मुजफ्फरनगर, ग्रुप बी में ऋषभ क्रिकेट एकेडमी, गुरु तेग बहादुर स्कूल, ऋषभ क्रिकेट एकेडमी किंग की टीम प्रतिभाग कर रही हैं।

# भारतीय संस्कृति धर्म प्रधान संस्कृति : सौम्य

» संवाददाता

मेरठ। जैन तीर्थ क्षेत्र श्री दिगंबर जैन प्राचीन बड़ा मंदिर के त्रिमूर्ति जिनालय में चल रहे 40 दिवसीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान में मुख्य वेदी में विराजमान त्रय तीर्थंकरों का अभिषेक व शांतिधारा की गई। सोमवार को विधान में श्रद्धालु नमय जैन, सरिता जैन, गौरव जैन, विनय जैन आदि ने भगवान की शांतिधारा की। आचार्य सौम्य सागर जी महाराज ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति धर्म प्रधान संस्कृति है। यहां भोग को नहीं योग को, यहां साधन को नहीं साधना को, यहां दवा के साथ दुआ को, ज्ञान व गुण के साथ चरित्र को महत्व दिया जाता है और सर्वत्र चरित्र की ही पूजा होती है। आचरण से हीन ज्ञान बोझ समान है। कोई व्यक्ति कितना ही ज्ञानी क्यों न हो जब तक उसका आचरण ठीक नहीं है। तब तक उसकी और उसके ज्ञान की महत्ता नहीं है। वह पूज्य नहीं है। ज्ञान थोड़ा किंतु आचरण से ठीक है वह सज्जन लोक में पूज्य व प्रभावशाली है। गृहस्थी में चाहे जितना ज्ञानी हो परंतु उसकी पूजा का विधान आगम नहीं है। विधान में 360 परिवारों ने भाग लिया। विधान में दूर दराज से आए परिवारों ने भाग लिया। सायंकाल में भगवंतों की आरती की गई व रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## संगीत सोम पर मुस्लिम महिलाओं ने की नोटों की बारिश

» संवाददाता

मेरठ। भारतीय जनता पार्टी के फायरब्रांड नेता संगीत सोम पर मुस्लिम महिलाओं ने नोटों की बारिश कर दी। महिलाएं घरों की छतों पर गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां और नोट लेकर खड़ी हो गईं। जैसे ही वहां से संगीत सोम का काफिला गुजरा तो महिलाओं ने संगीत सोम के ऊपर फूल और नोट बरसा दिए। संगीत सोम सरधना सीट से भाजपा से पूर्व विधायक रहे हैं। अब आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए भी पूरी तैयारी में हैं।

मुस्लिम महिलाओं द्वारा सोम पर नोट, फूल बरसाने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। कुछ लोगों ने इस वीडियो को बनाकर इसे सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि संगीत सोम गलियों में अंदर जा रहे हैं। उनके साथ पूरा काफिला है। जिसमें कुछ ढोल वाले भी नजर आ रहे हैं। ढोल वाले संगीत सोम के आगे ढोल बजाते हुए चल रहे हैं। उनके पीछे संगीत सोम की सिक्योरिटी और फिर सोम खुद हैं जैसे ही सोम का काफिला गली में पहुंचता है तो छतों पर पहले से खड़ी मुस्लिम महिलाएं फूल बरसाने लगती हैं। फूलों के साथ नोटों की बारिश होने लगती है। ये पूरा मामला लावड़ कस्बे का बताया जा रहा है। जहां जनसंपर्क करने पहुंचे संगीत सोम पर महिलाओं ने नोट बरसाए हैं। अब सोम का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। जिसमें लोग कह रहे हैं कि जो संगीत सोम कभी मुसलमानों के हक में नहीं बोला।

## पुरुषोत्तम मास में किया हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

मेरठ। मंगल पांडे नगर स्थित सामुदायिक भवन में आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर सामूहिक एकादश हनुमान चालीसा के 11 पाठों का भव्य आयोजन किया गया। हनुमान चालीसा पाठ की पूर्णता के बाद श्रद्धालुओं ने पूज्य गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के निर्देशन में 'राम गाइडेड मेडिटेशन' ध्यान किया। ध्यान सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक अनुभूति का अनुभव किया। समापन पर डॉ. सपना अग्रवाल ने महिला शक्ति संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से कार्यक्रम भव्य स्वरूप में संपन्न हो सका।

# सोमेन्द्र तोमर ने पुरा महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक

» संवाददाता

मेरठ। भगवान शिव की आराधना एवं अटूट श्रद्धा के पावन पर्व सोमवती अमावस्या के शुभ अवसर पर सोमवार को प्राचीन एवं ऐतिहासिक पुरा महादेव मंदिर, बागपत में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सोमेन्द्र तोमर ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

इस दौरान उन्होंने देवाधिदेव महादेव से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं समस्त चराचर जगत के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता करते हुए सोमेन्द्र तोमर ने भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा में ऐसे धार्मिक पर्व समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ सामाजिक समरसता और लोककल्याण का संदेश भी देते हैं। सोमवती अमावस्या के अवसर पर सोमेन्द्र तोमर द्वारा मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। उन्होंने स्वयं श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर प्रसाद का वितरण कर श्रद्धालुओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक आयोजन का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर शिवभक्ति, हर-हर महादेव के जयघोष एवं भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा।

# रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज में योग शिविर का भव्य शुभारंभ

» संवाददाता

मेरठ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आरजी पीजी कॉलेज में योग शिविर एवं सेवा शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. निवेदिता कुमारी के निर्देशन में किया गया, जबकि संयोजिका प्रो. भावना मित्तल के नेतृत्व में योग प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुआ। इस दौरान योग विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग तथा एनसीसी की लगभग 70 छात्राओं को योगासन, प्राणायाम और मंत्रों का अभ्यास कराया गया।



योग प्रशिक्षण सत्र में आचार्य दीपा त्यागी और आचार्य कीर्ति धामा ने छात्राओं को लगभग 45 मिनट तक विभिन्न योग अभ्यास करवाए। इस अवसर पर छात्राओं को नियमित योग अपनाने और इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम संयोजिका प्रो. भावना मित्तल ने बताया कि यह योग एवं सेवा शिविर 15 जून से 22 जून तक निरंतर चलेगा। इसमें छात्राओं के साथ-साथ शिक्षिकाएं, कर्मचारी और आम नागरिक भी भाग ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और नवाचार के तहत योग को व्यापक रूप से बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर सेवा कार्य के तहत एंटी रैगिंग सेल द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें डॉ. अनुपमा सिंह और डॉ. पूनम ने छात्राओं एवं कर्मचारियों को शरबत वितरित किया।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि योग शिविर का उद्देश्य बढ़ती उम्र के साथ होने वाली बीमारियों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अस्थमा और वात रोगों से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाना है। साथ ही "Yoga for Healthy Ageing" थीम के अनुरूप स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

## बैडमिंटन में मेरठ का दबदबा, तीन स्वर्ण और एक रजत जीता

» संवाददाता

मेरठ। प्रयागराज में 13 से 15 जून तक आयोजित देवेंद्र नाथ मेमोरियल योनेक्स सनराइज उत्तर प्रदेश राज्य रैंकिंग वेटरंस बैडमिंटन प्रतियोगिता में मेरठ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किए। 55 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष युगल मुकाबले में मेरठ के प्रो. अरुण कुमार ने जौनपुर के धर्मेंद्र शर्मा के साथ मिलकर लखनऊ के अनिल अग्रवाल और शिशिर सिंघल की जोड़ी को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। प्रो. अरुण कुमार ने पुरुष एकल वर्ग में भी प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। धर्मेंद्र शर्मा ने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त की।

# विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन

## वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प

» एजेंसी। कैथल

केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अपने संबोधन में ज्योति सैनी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराने का अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित हुए हैं। यह अवधि किसानों, गरीबों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों के सपनों को साकार करने की यात्रा रही है। उन्होंने



कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों परिवारों को पक्का घर मिला है, जबकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सीधे आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों के लिए सुरक्षा कवच साबित हुई है। युवाओं के लिए स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं ने रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, लखपति दीदी और ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने, अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण तथा देश की सुरक्षा को मजबूत करने जैसे ऐतिहासिक निर्णयों ने भारत की नई पहचान स्थापित की है।

ज्योति सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आधुनिक आधारभूत ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है। इसी प्रकार हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश विकास और जनसेवा की नई ऊंचाइयों को छू रहा है तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने उपस्थित लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि सभी नागरिक अपने गांव, शहर, प्रदेश और देश को विकास, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता का मॉडल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार हो सके। कार्यक्रम के नोडल एवं सीईओ जिला परिषद् सुरेश राविश व डीएमसी कपिल शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



### पंछियों के लिए दाना-पानी नेस्ट मतलब प्रकृति का संरक्षण: अंकुश मिगलानी

» एजेंसी। गुरुग्राम

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने नवकल्प फाउंडेशन के दाना-पानी नेस्ट अभियान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि गर्मी में बेजुबान पंछियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करना मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। रेडक्रॉस की ओर से संचालित वर्किंग वूमेन हॉस्टल, ओल्ड एज होम के लिए भी नवकल्प फाउंडेशन ने दाना-पानी नेस्ट भेंट किए। नवकल्प फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे दाना-पानी नेस्ट अभियान के तहत उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने भी पंछियों के लिए नेस्ट लगाए। उन्होंने नेस्ट लगाकर इस अभियान की शुरुआत की और लोगों से अपील की कि वे अपने घर, छत और बालकनी में नेस्ट लगाकर पंछियों की मदद करें। अंकुश मिगलानी ने कहा कि नवकल्प फाउंडेशन ने जो काम शुरू किया है, वह समाज के लिए एक मिसाल है। आज जब हम विकास की बात करते हैं तो प्रकृति और जीव-जंतुओं को भूल जाते हैं।

### शिविर में पहुंचीं शिकायतों के समाधान के निर्देश

» एजेंसी। फरीदाबाद

सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में सोमवार को विभिन्न विभागों से जुड़ी 19 शिकायतें प्राप्त हुईं। सीटीएम अंकित कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उपायुक्त आयुष सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में सबसे अधिक शिकायतें नगर निगम और राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। प्राप्त मामलों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों को भेजा गया ताकि लोगों को जल्द राहत मिल सके। सीटीएम ने बताया कि नगर निगम से जुड़ी छह, राजस्व विभाग की पांच, सीआरआईडी की तीन और पुलिस विभाग की दो शिकायतें प्राप्त हुईं। इसके अलावा डीएचबीवीएनएल, निर्वाचन विभाग और एचएसवीपी से संबंधित एक-एक शिकायत भी शिविर में दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर लोगों और प्रशासन के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर शिविर में पहुंच रहे हैं और विभागीय अधिकारी मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लघु सचिवालय में समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# योग मैराथन में दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

## आईटीआई मैदान से स्टेडियम तक निकली मैराथन

» एजेंसी। नारनौल

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को आईटीआई मैदान से नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम तक योग मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नारनौल के विधायक ओम प्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया, जबकि उपायुक्त अनुपमा अंजली भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। 'योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा' संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग, खेल विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में इस मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन में भारी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हाथों में 'करो योग-रहो निरोग' जैसे संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को योग के प्रति जागरूक किया। अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी जयवीर धनखड़, करण सिंह और करण कुमार ने भी कार्यक्रम में भाग लेते हुए युवाओं और बच्चों को खेलों के



प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीति खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर डॉ. कृष्ण आर्य ने हरियाणवी गीत के माध्यम से योग और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक दीपक तथा एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने भी प्रतिभागियों के साथ दौड़ लगाकर फिटनेस और योग के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, उपाध्यक्ष वासुदेव यादव, पूर्व चेयरमैन जेपी सैनी, सुरेश चौधरी, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशिबाला सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। 21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (लड़के) में नांगल सोडा के मोनू प्रथम, बलाना के अंकित द्वितीय तथा गावड़ी जाट के सचिन तृतीय रहे। 21 वर्ष से कम आयु वर्ग में महेंद्रगढ़ के केशव ने प्रथम, बारडा के गौरव ने द्वितीय और कांवी के मोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### सम्मेलन में सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

» एजेंसी। नूंह

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर सोमवार को बीडीपीओ कार्यालय नूंह में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष जान मोहम्मद और भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को लोगों के सामने रखा। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की योजनाओं से गरीब, किसान, महिला और युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। जान मोहम्मद ने कहा कि पिछले वर्षों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। आयुष्मान भारत योजना से जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है, जबकि जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधाओं का विस्तार किया गया है। सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने समाज की बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं लागू की हैं। स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से लोगों को सीधा लाभ मिला है।

### योग जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

» एजेंसी। फरीदाबाद

हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में डीएवी शताब्दी महाविद्यालय के योग प्रकोष्ठ द्वारा आठ से 15 जून तक योग जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला रविवार को सभागार में एक विशेष योग कार्यशाला हुई। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में योग के प्रति जागरुकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था।

मुख्य अतिथि डॉ. विक्रम सिंह ने एनसीसी, एनएसएस एवं वाईआरसी के विद्यार्थियों को योग, ध्यान, प्राणायाम एवं विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया। पावर पॉइंट प्रस्तुति तथा प्रेरणादायक वीडियो क्लिप्स के माध्यम से विद्यार्थियों को मस्तिष्क की कार्यप्रणाली, एकाग्रता, स्मरण शक्ति तथा तनाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा का निवास होता है तथा योग व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल के दुष्प्रभावों के प्रति भी सचेत किया।

डॉ. जितेंद्र कुमार वैश्य ने भारतीय आयुर्वेद एवं औषधीय पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में विविध प्रकार की औषधीय जड़ी-बूटियों का समृद्ध भंडार है। इनके वैज्ञानिक उपयोग एवं उचित जानकारी से हम अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व पुनः आयुर्वेद की ओर आकर्षित हो रहा है तथा जिन सिद्धांतों और उपचार पद्धतियों पर आधुनिक शोध हो रहे हैं, उनके उल्लेख हमारे वेदों, उपनिषदों और प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा में पहले से मिलते हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के कुशल निर्देशन में संचालित इस योग कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। प्राचार्य महोदय स्वयं भी नियमित रूप से योगाभ्यास में सहभागिता करते हैं। उन्होंने कहा कि योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। यह व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है।

### जरूरतमंद बच्चों के समर कैंप शुरू

» एजेंसी। गुरुग्राम

सोसाइटियों की महिला विंग ने कामगारों और आसपास के जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के लिए समर कैंप शुरू कर दिया है। सोसाइटियों में ये समर कैंप गर्मी की छुट्टी के बाद स्कूलों के खुलने तक चलेगा। सेक्टर-30 स्थित यूनिवर्ल्ड सिटी सोसाइटी में महिलाओं के एक समूह की स्वयंसेवी महिलाओं ने सोसाइटी के गार्ड, माली और अन्य हाउसकीपिंग कर्मचारियों के बच्चों के साथ सोमवार को कार्यशाला के साथ कार्यक्रम शुरू किया। कार्यशाला के दौरान बच्चों को म्यूजिक, डांस, कविता, रिसाइटेशन, पेंटिंग, हैंडीक्राफ्ट, खेल और सामान्य ज्ञान की कक्षाएं होंगी। सोसाइटी में रहने वाली इन विषयों की विशेषज्ञ महिलाएं वीणा, रेखा, नयनिका, दीपा, मीनाक्षी, मधु, रीता, शिवानी, बरखा और अदिति शामिल हैं। यह समूह पूरे साल गर्मी की छुट्टी के साथ-साथ अन्य त्योहार की छुट्टियों में बच्चों के व्यक्तित्व विकास गतिविधियों की कार्यशालाएं आयोजित करता है।

### सोमवती अमावस्या पर पिंडतारक तीर्थ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

» एजेंसी। जींद

हरियाणा के ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ (पांडु पिंडारा) में सोमवार को ज्येष्ठ मास की सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान देश के विभिन्न प्रांतों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में आस्था की डुबकी लगाई और अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान व तर्पण कर मोक्ष की कामना की।

ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर रविवार को शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। रविवार की पूरा रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आएं श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की।

पिंडारा तीर्थ पर सोमवती अमवस्या पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। तीर्थ पर जगह-जगह लोगों ने सामान बेचने के लिए फड़े लगाई हुई थी। जिस पर बच्चों तथा महिलाओं ने खरीददारी की। बच्चों ने जहां अपने लिए खिलौने खरीदे तो वहीं बड़ों ने भी घर के लिए, सामान खरीदा। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि साल की पहली सोमवती अमावस्या सोमवार को ज्येष्ठ (अधिक मास की अमावस्या) पर पड़ी है। सोमवार के दिन अमावस्या होने के कारण इसका धार्मिक महत्व और भी बढ़ गया।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।

सम्पादक : रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844